**No. of Printed Pages : 4** **Roll No. ...............**

# AA–1331

## (008) B.Com. (Part-II) (10+2+3)
## Term End Examination, 2021-22
## Corporate Accounting
## (Group–I) (Paper–I)

**Time : 3 hrs. ]** **[ Maximum Marks : 75**

**नोट –** *प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है।*
*One question from each unit is compulsory.*

**[इकाई-1 / Unit-I]**

**1.** सोनम लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 10,000 समता अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। आवेदन पर ₹ 4 प्रति अंश एवं शेष आबंटन पर देय थे। 20,000 अंशों पर आवेदन प्राप्त हुए थे। अंशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर सभी प्रार्थियों को किया गया था। एक प्रार्थी जिसको 1500 अंश आबंटित किए गए थे, आबंटन की राशि भुगतान करने में असफल रहा। इस कारण उसके अंश हरण कर लिए गए। हरण किए गए अंशों को ₹ 6 प्रति अंश की दर से पूर्ण चुकता मूल्य पर पुनर्निगमित किया गया। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। **15**

Sonam Ltd. invited application for inviting 10,000 equity shares of ₹ 10 each, ₹ 4 per share were payable on application and the balance on allotment. Applications for 20,000 shares were received. Shares were allotted proportionately to all applicants. An applicant who were attotted 1500 shares failed to pay the allotment money. His shares were, therefore, forfeited. The forfeited shares were reissued at ₹ 6 per share as fully paid up. Pass necessary Journal entries in the books of the company.

**अथवा/OR**

ऋणपत्र क्या है ? इसकी प्रकृति तथा विशेषता को समझाइये। ऋणपत्र के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।
What is a debenture ? Explain its characteristics? Discuss various kinds of debenture.

**[इकाई-II / Unit-II]**

**2.** लाभ-हानि विवरण को तैयार करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 में दिए गए विभिन्न प्रावधानों का वर्णन कीजिए। **15**
Mention various provisions of the Companies Act 2013 for preparation of statement of profit and loss.

**अथवा/OR**

ए लिमिटेड कंपनी का ऐच्छिक समापन हुआ। कंपनी की लेनदारियाँ ₹ 30,000 व सम्पत्तियाँ जिनसे वास्तव में ₹ 1,78,000 प्राप्त हुए। कंपनी की पूंजी में 10,000, ₹ 10 वाले पूर्वाधिकार अंश थे। इन पर ₹ 7 प्रति अंश की दर से याचित की गई, दत्त राशि थी। 8,000 पूर्वाधिकार अंशधारियों ने अपने अंशों की पूर्ण राशि ₹ 10 प्रति अंश की दर से अग्रिम दे दी थी। इसके अतिरिक्त 10,000; ₹ 10 वाले समता अंश थे जिन पर ₹ 9 प्रति अंश की दर से याचित किया गया था। 2000 समता अंशधारियों ने ₹ 8 प्रति अंश की दर से भुगतान किया था। 4,000 समता अंशधारियों ने पूर्ण राशि ₹ 10 प्रति अंश की दर से याचनाओं का अग्रिम भुगतान कर दिया था तथा शेष अंशधारियों ने ₹ 9 प्रति अंश की दर से जो कि याचित किया गया था, भुगतान कर दिया था।

यह मानते हुए कि पूर्वाधिकार अंशधारियों का पूँजी में कोई पूर्वाधिकार नहीं है, आप निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइये। आप बकाया राशि अंशधारियों में किस प्रकार बांटेंगे यह मानते हुए कि समापन के खर्च ₹ 2,000 थे तथा याचना की बकाया राशियां पूर्ण रूप से प्राप्त कर ली गयी हैं।

**(P. T. O.)**

A Limited Company went into voluntary liquidation with liabilities amounting to ₹ 30,000 and assets eventually realised ₹ 1,78,000. The capital of the company consisted of 10,000. Preference shares of ₹ 10 each of which ₹ 7 per share was called and paid up. The holders of 8000 preference shares had, however, paid up the full ₹ 10 in advance of calls. In addition there were also 10,000 equity shares of ₹ 10 each, on which ₹ 9 per share had been called. Holders of 2,000 euqity shares had however, paid up ₹ 8 per share. Holders of 4,000 equity shares had paid up the full ₹ 10 in advance of calls. Remaining shareholders have paid ₹ 9 per share as called up.

Assuming that preference shares have no prior right as to capital. Prepare liquidator's Final Statement of Account, how you would divide the available balance among the shareholders assuming that the cost of winding-up amount to ₹ 2,000 and that the calls in arrears are duly collected.

**[इकाई-3 / Unit-III]**

**3.** ख्याति की परिभाषा दीजिए। उन कारणों का उल्लेख करिए जिन पर वह निर्भर करती है। ख्याति के मूल्यांकन में प्रयोग में लायी जाने वाली विधियों का वर्णन कीजिए। **15**

Define goodwill. Explain the factors on which it is based and discuss the various methods can be used in valuation of goodwill.

**अथवा/OR**

सुशील लि० के निम्नलिखित विवरण उपलब्ध हैं :

(1) पूँजी ₹ 45,000, 6% पूर्वाधिकार अंश ₹ 10 का प्रत्येक पूर्णदत्त। ₹ 45,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक पूर्णदत्त।

(2) बाह्य दायित्व ₹ 75,000।

(3) संचय एवं आधिक्य ₹ 35,000।

(4) कम्पनी द्वारा प्रतिवर्ष कर के पश्चात् कमाए गए लाभों का औसत ₹ 85,000।

(5) इसी प्रकार की कम्पनी द्वारा समता अंशों, पूर्ण प्रदत्त के बाजार मूल्य पर सामान्य लाभ दर 9% है।

(6) कम्पनी प्रतिवर्ष ₹ 10,000 संचय में हस्तांतरित करती है। यह मानते हुए कि कुल सम्पत्तियों में से ₹ 3,500 की कृत्रिम सम्पत्ति है। समता अंश का उचित मूल्य ज्ञात कीजिए।

The following particulars are available of Susheel Ltd. :

(1) Capital 45,000, 6% preference shares of ₹ 10 each fully paid up, ₹ 45,000. Equity shares of ₹ 10 each fully paid up.

(2) External Liabilities ₹ 75,000.

(3) Reserves and surplus ₹ 35,000.

(4) Average profit after taxation, earned every year by the company ₹ 85,000.

(5) The normal profit earned on the market value of equity shares, fully paid, on the same type of company is 9%.

(6) Company transfer every year ₹ 10,000 to reserve. Calculate the fair value of equity share assuming that out of the total assets, assets worth ₹ 3,500 are fictitious.

[इकाई-IV / Unit-IV]

4. नमन कम्पनी लि० तथा रमन कम्पनी लि० के 31 मार्च, 2014 को चिट्ठे उनकी सम्पत्तियों तथा दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन करने के पश्चात् निम्न प्रकार हैं : 15

The following are the balance sheets of Naman Co. Ltd. and Raman Co. Ltd. as at 31st March, 2014, after revaluation of their assets and liabilities.

**Balance Sheet**

| Particulars | Note No. | Naman Co. Ltd. | Raman Co. Ltd. |
|---|---|---|---|
| **I. Equity and liabilities :** | | | |
| Share holders fund : | | | |
| 450 shares of ₹ 270 each | | 1,21,500 | – |
| 2000 shares of ₹ 150 each | | – | 3,00,000 |
| **Reserves and surplus :** | | | |
| Reserve Fund | | 30,350 | 1,28,500 |
| General reserve | | 10,000 | |
| Statement of P & L | | 1,500 | 3,500 |
| **Current Liabilities :** | | | |
| Trade Payable (Creditors) | | 5,500 | 6,500 |
| | **Total** | **1,68,850** | **4,38,500** |
| **II. Assets :** | | | |
| Non-current assets : | | | |
| Sundry assets | | 1,68,500 | 4,35,750 |
| Current assets : | | | |
| Cash and cash equivalents | | 350 | 2,750 |
| | **Total** | **1,68,850** | **4,38,500** |

यह प्रस्ताव रखा गया कि नमन कंपनी लिमिटेड को रमन कंपनी लि० द्वारा लिया जाएगा और इसके लिए निम्नलिखित व्यवस्था स्वीकार की गई–

नमन कंपनी लि० के प्रत्येक तीन अंशों के धारक को रमन कंपनी लि० के 5 अंश प्राप्त होंगे तथा उतना नकदी में भुगतान किया जाएगा जितना कि उनके चिट्ठे के अनुसार आंतरिक मूल्य पर दोनों कंपनियों के अंशधारियों के अधिकारों को समायोजित करने के लिए आवश्यक हो। विलय की प्रकृति का एकीकरण मानकर रमन लि० की पुस्तकों में रोजनामचे की आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए तथा एकीकरण के बाद चिट्ठा भी तैयार कीजिए।

It was proposed that Naman Co. Ltd. should be taken over by Raman Co. Ltd. and that the following agreement was accepted by them :

The holders of every three shares in Naman Co. Ltd. was to receive 5 shares in the Raman Co. Ltd. Plus as much cash is necessary to adjust the right of shareholders of both the Companies in accordance with the intrinsic value of the shares as per their Balance Sheet. Assuming amalgamation in the nature of merger. Pass the necessary journal entries in the books of Raman Co. Ltd and prepare the Balance Sheet.

**अथवा/OR**

कम्पनी के आंतरिक पुनर्निमाण से क्या तात्पर्य है ? उन परिस्थितियों को बताइये जिसमें आंतरिक पुनर्निमाण आवश्यक हो जाता है ।

What is meant by Internal Reconstruction of a Company ? State the circumstances in which internal reconstruction become mendatory.

**[इकाई-V / Unit-V]**

**5.** 31 मार्च 2015 को उमेश लि० तथा उसकी सहायक कंपनी सीमा लि० के चिट्ठे निम्नांकित हैं : **15**

The following are the Balance Sheet of Umesh Ltd. and its subsidiary Seema Ltd. as at 31st March, 2014 :

| | Particulars | Umesh Ltd. | Seema Ltd. |
|---|---|---|---|
| **I.** | समता एवं दायित्व (Equity & Liabilities) | | |
| | अंशधारी कोष : (Shareholder's Funds) | | |
| | अंश पूँजी (Share capital) | | |
| | ₹ 1 वाले समता अंश (Equity shares of ₹ 1 each) | 96,000 | 45,000 |
| | संचय एवं आधिक्य (Reserves and surlpus) | | |
| | लाभ-हानि विवरण (Statement of P & L) | 24,000 | 10,000 |
| | **चल दायित्व** (Current Liabilities) | | |
| | व्यापारिक देय (Trade Payables) | 18,000 | 27,500 |
| | | **1,38,000** | **62,500** |
| **II.** | सम्पत्तियाँ (Assets) : | | |
| | सम्पत्तियाँ (Assets) | 90,000 | 62,500 |
| | सीमा लि० में 36,000 अंश लागत पर<br>36,000 shares at cost in Seema Ltd. | 48,000 | - |
| | | **1,38,000** | **62,500** |

1 अप्रैल, 2014 को उमेश लि० ने सीमा लि० के अंश अधिगृहीत किए। इस तिथि पर सीमा लि० के लाभ-हानि विवरण का समाकलन शेष ₹ 7500 था। समेकित चिट्ठा बनाइये।

On 1st April 2014 Umesh Ltd. acquired the shares in Seema Ltd. At this date Seema Ltd. has a credit balance of profit & loss statement of ₹ 7,500. Prepare consolidated Balance Sheet.

**अथवा/OR**

सूत्रधारी कंपनी की परिभाषा दीजिए। किन परिस्थितियों में एक कंपनी दूसरी कंपनी की सहायक हो सकती है ?

Define holding Company. Under what circumstances can a company become subsidiary to another company ?